बॉलीवुड

बेटे वीर के लिए कोई शॉर्टकट नहीं रखा, कई ऑडिशन देकर बने प्रीतमः हिरानी

राजकुमार हिरानी ने वेब सीरीज 'प्रीतम एंड पेड्रो' से ओटीटी डेब्यू किया। इससे उनके बेटे वीर का भी डेब्यू हुआ। बॉक्स ऑफिस के बाद अब हिरानी ओटीटी पर भी इतिहास रच रहे हैं। पढ़िए खास बातचीत...

रौनक केसवानी | भोपाल

▪ इस कहानी में ऐसा क्या था कि आपने इससे जुड़ने का फैसला किया?

आज तकनीक रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा बन चुकी है, लेकिन बुजुर्गों या तकनीक से कम परिचित लोगों के लिए यह आसान नहीं है। ट्रेन की टिकट बुक करने से लेकर बैंकिंग तक हर काम ऑनलाइन हो गया है। साइबर क्राइम की कुछ कहानियां पढ़ने के बाद लगा कि अब अपराध करने के तरीके ही नहीं, उन्हें सुलझाने का तरीके भी बदल चुके हैं। यहीं से मेरे मन में एक कहानी जन्मीं, जिसमें एक ईमानदार पुलिस अधिकारी अचानक साइबर सेल में भेज दिया जाए तो वह इस नई दुनिया में कैसे खुद को ढालेगा और क्राइम की जांच कैसे करेगा। इसके बाद प्रीतम का किरदार जुड़ा, जो युवा हैकर है। दोनों की अलग सोच और अनुभव से एक अनोखी दोस्ती और रोमांचक कहानी बनती है।

▪ शूटिंग के दौरान कौन-सा पल वेब सीरीज की असली जान लगा?

शो की सबसे बड़ी ताकत आखिर में आने वाला गाना है। उसके बोल हैं- 'कभी किसी से माफी मांग लो, कभी किसी को माफ कर भी दो। जिंदगी के सफर को थोड़ा आसान

कर दो।' कहानी लिखते समय मेरे मन में यही सवाल था कि आखिर हम दर्शकों से कहना क्या चाहते हैं। मैं नहीं चाहता था कि यह सिर्फ दोस्ती, जांच-पड़ताल या साइबर क्राइम तक सीमित रह जाए। जब 'माफी' का यह भाव कहानी का मूल विषय बनकर सामने आया, तब लगा कि सीरीज को उसकी असली आत्मा मिल गई।

▪ सीरीज से जुड़ा कोई ऐसा किस्सा जो अभी तक साझा नहीं किया हो?

क्रिकेट खिलाड़ी वीरेंद्र सहवाग का सीरीज में गेस्ट अपीयरेंस। शूट के दौरान उन्होंने अपना पूरा सीन एक ही टेक में परफेक्ट कर दिया था। मैं खुद हैरान था। मैंने उनसे मजाक में कहा...'शॉट तो परफेक्ट है लेकिन एक और टेक कर लेते हैं। ऐसा लग रहा है जैसे आज स्कूल की छुट्टी जल्दी हो गई।' मुझे याद है कि जब उन्हें फोन पर अप्रोच किया था तो उन्हें बताया कि सीरीज में एक छोटा-सा रोल है। उन्होंने बिना एक पल गंवाए जवाब दिया कि 'मैं फलां तारीख को दिल्ली लौट रहा हूं, उसी दिन शूट कर लेते हैं।' सहवाग के साथ साथ काम करने का अनुभव बेहद सुखद रहा।

▪ बेटे वीर के साथ काम करते वक्त सबसे ज्यादा उत्साह था या जिम्मेदारी?

मैंने बहुत पहले फैसला लिया था मैं वीर का पहला प्रोजेक्ट डायरेक्ट नहीं करूंगा। मैंने सिर्फ कहानी लिखी और सीरीज को प्रोड्यूस किया है। इसे अविनाश अरुण ने डायरेक्ट किया है। रोचक बात है कि वीर से पहले यह रोल कोई और एक्टर कर रहे थे। फिर कुछ डेट्स इशू हुए तो वीर ने इच्छा जताई कि वह यह रोल करना चाहते हैं। मैंने कहा, अविनाश से बात कीजिए और ऑडिशन दीजिए। फिर वीर ने अविनाश को पहले अपना नाटक 'लेटर्स ऑफ सुरेश' दिखाया, जिसे फिरोज अब्बास खान ने डायरेक्ट किया है। उन्होंने सीरीज के कम से कम 15 सीन्स ऑडिशन किए। यह सिलसिला कई दिनों तक चला। फिर एक दिन अविनाश ने आकर कहा कि वीर, प्रीतम के रोल के लिए बिल्कुल परफेक्ट हैं।

'हैवान' में निभाता दिखूंगा भारतीय ब्लाइंड समुराई जैसा किरदारः सैफ

सैफ अली खान जल्द ही निर्देशक प्रियदर्शन की एक्शन-थ्रिलर 'हैवान' में दिखेंगे। सैफ इस फिल्म में एक दृष्टिबाधित लेकिन विशेष क्षमता वाले किरदार को निभा रहे हैं। अपने रोल के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा कि यह उनके करियर के सबसे दिलचस्प और चुनौतीपूर्ण किरदारों में से एक है। सैफ ने कहा, 'मेरे दिमाग में यह एक भारतीय ब्लाइंड समुराई जैसा किरदार है। वह देख नहीं सकता, लेकिन उसकी अन्य क्षमताएं असाधारण हैं। सबसे बड़ी चुनौती उसकी शारीरिक भाषा और एक्शन को वास्तविक बनाए रखना था, ताकि वह बनावटी न लगे। इस बात की खुशी है कि फिल्म में ऐसा किरदार लिखा गया है, जिससे दर्शक भावनात्मक रूप से जुड़ सकें। मुझे इस तरह के रोल कम मिले हैं, इसलिए मैं बेहद खुश हूं कि मुझे यह मौका मिला।'

'क्लिंट ईस्टवुड की तरह काम करते हैं प्रियदर्शन सर...'

प्रियदर्शन के साथ काम करने के अनुभव को याद करते हुए सैफ ने उनकी तुलना हॉलीवुड के दिग्गज एक्टर-डायरेक्टर क्लिंट ईस्टवुड से की। उन्होंने कहा...'प्रियदर्शन सर बिल्कुल क्लिंट ईस्टवुड की तरह काम करते हैं। वह बहुत स्पष्ट होते हैं और जानते हैं कि उन्हें क्या चाहिए। मुझे कई टेक करना पसंद है, लेकिन उनके साथ पहले ही टेक के लिए पूरी तरह तैयार रहना पड़ता है।'

राजवीर को एक्शन हीरो बनाएंगे सनी देओल, 'अर्जुन' की रीमेक पर है नजर

सनी देओल इन दिनों अपनी फिल्म 'बटवारा 1947' को लेकर चर्चा में हैं, जो 28 अगस्त को थिएटर्स में रिलीज होगी। फिल्म में उनके बड़े बेटे करण देओल भी अहम भूमिका निभा रहे हैं। इसी बीच खबर है कि सनी अब अपने दूसरे बेटे राजवीर को भी दोबारा बड़े परदे पर लॉन्च करने की तैयारी में हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, सनी अपनी 1985 की सुपरहिट फिल्म 'अर्जुन' का रीमेक बनाना चाहते हैं और इसमें राजवीर को मुख्य भूमिका में पेश किया जा सकता है। राहुल रवैल निर्देशित यह फिल्म सामाजिक-राजनीतिक एक्शन ड्रामा थी। सूत्रों का कहना है कि फिल्म के अधिकार पहले करीम मोरानी और सुनील (बंटी) सूरमा के पास थे, जिन्हें बाद में शाहरुख खान को सौंप दिया गया। अब सनी को उनसे राइट्स मिल सकते हैं।

राजवीर ने फिल्म 'दोनों' से बॉलीवुड में डेब्यू किया थाः बता दें कि राजवीर ने 2023 में 'दोनों' से बॉलीवुड डेब्यू किया था, लेकिन फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सफल नहीं रही। अब कहा जा रहा है कि सनी अपने बेटे को इस बार एक्शन हीरो के रूप में स्थापित करना चाहते हैं, इसलिए वह 'अर्जुन' जैसे दमदार किरदार के जरिए उन्हें नई शुरुआत देना चाहते हैं। हालांकि, अभी तक कोई अनाउंसमेंट नहीं की गई है।

फ्रंट पेज के शेष

सोनम वांगचुक अस्पताल में भी अनशन पर...

रात 9 बजे जारी हेल्थ बुलेटिन के अनुसार, उन्होंने ड्रिप, ओआरएस और दवा लेने से मना कर दिया। अस्पताल के अनुसार, वांगचुक में डिहाइड्रेशन, पोटैशियम की कमी और अन्य मेटाबॉलिक गड़बड़ियों के संकेत हैं। डॉक्टर उन्हें इलाज के लिए मना रहे हैं। पत्नी गीतांजलि आंगमो ने परिवार की सहमति के बिना इलाज न करने की मांग की है। नई दिल्ली के डीसीपी सचिन शर्मा ने कहा कि ये कदम हाईकोर्ट के निर्देश, वांगचुक की हालत और डॉक्टरों की सलाह पर उठाया है। सीजेपी प्रवक्ता आशुतोष रांका ने कहा कि वांगचुक के साथ धक्का-मुक्की हुई। प्रदर्शनकारियों के साथ भी मारपीट की गई। पुलिस ने आरोप गलत बताए हैं। इसी बीच, सीजेपी ने धर्मेंद्र प्रधान के साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इस्तीफे की भी मांग उठा दी। इसी बीच, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने इस कदम को गलत बताया। उन्होंने कहा, 'मोदी सरकार के मूल सिद्धांत असत्य और हिंसा हैं। अहिंसक अनशन पर बैठे सोनम वांगचुक को जंतर-मंतर से हटाना गलत है। पेपर लीक, शिक्षा की बढ़ती लागत और छात्रों की आत्महत्याएं भारत के भविष्य से जुड़े बेहद गंभीर मुद्दे हैं। कोई भी ताकत भारत के छात्रों और उन पर भरोसा करने वाले हम लोगों को ये मुद्दे उठाने से नहीं रोक सकती।' वहीं, आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने लोगों से जंतर-मंतर पहुंचकर आंदोलन में शामिल होने की अपील की। सामाजिक कार्यकर्ता अन्ना हजारे ने कहा कि सरकार वांगचुक के सब्र की परीक्षा न ले। किसी भी समस्या का समाधान बातचीत से ही निकलता है।

दिपके पर स्याही फेंकीः जंतर-मंतर पर दिपके के अनशन शुरू करने के दौरान बरखा त्रेहन नामक महिला ने उन पर नीली स्याही फेंक दी। दिपके ने समर्थकों को शांत करते हुए कहा, 'नीला मेरा रंग है, जय भीम।' पुलिस ने महिला को हिरासत में लेकर जांच शुरू कर दी है।

असमः सोनम की तस्वीर बनाने पर दो युवक गिरफ्तारः गुवाहाटी | असम पुलिस ने सार्वजनिक दीवार पर सोनम वांगचुक की तस्वीर बनाते हुए दो युवकों को हिरासत में लिया है। पुलिस के अनुसार, दोनों ज्योति-बिष्णु इंटरनेशनल ऑडिटोरियम जाने वाली सड़क की दीवार पर रंग लगाकर वांगचुक का चित्र बना रहे थे। उनके खिलाफ दिसपुर थाने में सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने का मामला दर्ज किया गया है। दो दिन पहले बशिष्ठ फ्लाईओवर के पिलर पर वांगचुक की तस्वीर बनाने के मामले में भी अज्ञात लोगों पर केस दर्ज किया गया था।

हमारा दिमाग आधुनिक है, लेकिन सोच सदियों पुराने यकीनों पर चल रही है...

मैं खुद नास्तिक हूं। मेरी कोई धार्मिक आस्था नहीं है। लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि मुझे दूसरों की आस्था से आपत्ति है। आपत्ति तब होती है, जब निजी विश्वास सार्वजनिक निर्णयों की जगह लेने लगते हैं। आधुनिक समाज की असली चुनौती विज्ञान और आस्था के बीच कोई युद्ध खड़ा करना नहीं है। चुनौती यह है कि दोनों की सीमाएं साफ-साफ समझी जाएं। आस्था व्यक्ति का निजी अधिकार है, लेकिन जहां ज्ञान, शिक्षा, चिकित्सा, कानून या सार्वजनिक नीति का सवाल हो, वहां फैसले विश्वास से नहीं, प्रमाण, तर्क और परीक्षण के आधार पर होने चाहिए। निजी जीवन को आस्था सहारा दे सकती है, लेकिन समाज को आगे बढ़ाने का काम विवेक और ज्ञान ही करते हैं।

अध्यात्म की भी मेरी समझ कुछ ऐसी ही है। अगर अध्यात्म का मतलब अपने भीतर झांकना, अपनी जिंदगी का हिसाब करना और अपनी कमजोरियों व खूबियों को पहचानना है, तो इसमें किसी को क्या एतराज हो सकता है? और अगर अध्यात्म का अर्थ धर्म, जाति, नस्ल और पंथ की दीवारों से ऊपर उठकर पूरी इंसानियत से मोहब्बत करना है, तो मुझे उससे भी कोई आपत्ति भी नहीं। बस मैं उसे अध्यात्म नहीं, मानवता कहता हूं। आज के दौर में अध्यात्म अमीरों के लिए एक तरह का ट्रैंक्विलाइजर बन गया है। यह टिप्पणी अध्यात्म पर नहीं, उसके बाजारीकरण पर है। यही वजह है कि आज के तथाकथित गुरु और बुद्ध में फर्क साफ दिखाई देता है। गौतम बुद्ध महल छोड़कर सत्य की तलाश में जंगल गए थे। आज के अनेक गुरु जंगल से निकलकर महलों में पहुंच जाते हैं।

आतंकवाद का 'थ्री-एप' मॉडल... एक पर संपर्क, दूसरे पर ब्रेनवॉश, तीसरे पर फंडिंग...

ऑटो-डिलीट चैट, कोड वर्ड, फर्जी प्रोफाइल, वीपीएन और बर्नर फोन के जरिए पहचान छिपाई गई। जांच में साफ पैटर्न मिला- एक एप पर संपर्क, दूसरे पर ब्रेनवॉश और तीसरे माध्यम यानी क्रिप्टोकरेंसी से फंडिंग।

पांच साल में बदला डिजिटल मॉडलः 2015-20 के आतंक में डिजिटल माध्यमों की हिस्सेदारी 30-40% से कम थी। सालाना 10-20 मामले सामने आते थे। 2021-26 के दौरान तेज बढ़ोतरी हुई। 2025 में एनआईए ने 55 नए मामले दर्ज किए और 276 लोगों को गिरफ्तार किया। जुलाई 2026 की एक कार्रवाई में ही 11 आरोपी और एक नाबालिग गिरफ्तार किए गए।

एक्सपर्ट व्यू

'साइबर आतंक और डिजिटल गैंगस्टर अब एक-दूसरे के पूरक'

यशोवर्धन झा आजाद, पूर्व विशेष निदेशक, आईबी एवं पूर्व सुरक्षा सचिव, भारत सरकार

एक ओर आईएसआईएस जैसे आतंकी संगठन क्रिप्टोकरेंसी, एन्क्रिप्टेड एप और डिजिटल प्लेटफॉर्म के जरिए पढ़े-लिखे युवाओं को कट्टरपंथ की ओर धकेल रहे हैं। दूसरी ओर देश-विदेश में बैठे माफिया और गैंगस्टर साइबर तकनीक के सहारे अपने नेटवर्क चला रहे हैं और भारत समेत कई देशों में रंगदारी वसूल रहे हैं। यह आतंकवाद और संगठित अपराध का नया डिजिटल स्वरूप है। सरकार को दोनों मोर्चों पर एक साथ और समान गंभीरता से लड़ना होगा, क्योंकि अब ये नेटवर्क एक-दूसरे के पूरक बन चुके हैं।

आर्टिकल 370 बेस्ट फिल्म; यामी गौतम धर बेस्ट एक्ट्रेस...

क्षेत्रीय फिल्मों में 'श्रीकांत' सर्वश्रेष्ठ हिंदी, 'रायन' सर्वश्रेष्ठ तमिल, 'फेमिनिची फातिमा' सर्वश्रेष्ठ मलयालम, 'मिथ्या' सर्वश्रेष्ठ कन्नड़ और 'कमेटी कुर्रोलु' सर्वश्रेष्ठ तेलुगु फिल्म चुनी गई। 'स्त्री 2' के लिए विजय गांगुली को सर्वश्रेष्ठ कोरियोग्राफी, 'महाराजा' के लिए अनल अरासु को सर्वश्रेष्ठ एक्शन निर्देशन तथा 'अमरन' के लिए जीवी प्रकाश कुमार को सर्वश्रेष्ठ पार्श्व संगीत का पुरस्कार मिला।

जजों के बैठने को रूम न हो तो नियुक्ति का क्या फायदाः सीजेआई...

ज्युडिशियरी में एआई का प्रयोग रेगुलेटरी नियमों के अनुसार होगा : पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए सीजेआई सूर्यकांत ने न्यायपालिका में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के बढ़ते इस्तेमाल पर स्थिति साफ की। उन्होंने कहा कि अदालतों में एआई को पूरी तरह से रेगुलेटरी उपायों के तहत ही लागू किया जाएगा। उन्होंने बताया, कि सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट पर एआई रेगुलेशंस को अपलोड कर दिया गया है। इससे समझ आएगा कि हम तकनीक का इस्तेमाल किस तरह कर रहे हैं और आगे इसका दायरा कैसे बढ़ाएंगे। लेकिन सब कुछ एक नियम और कायदे के दायरे में होगा।सीजेआई ने गर्व से कहा कि भारतीय न्यायपालिका दुनिया के अन्य देशों की तुलना में तकनीक का सबसे बेहतरीन और अग्रणी इस्तेमाल कर रही है।

हादसे के बाद महिला को हार्टअटैक आया, नर्सिंग छात्रा ने सीपीआर देकर बचाई जान...

इसी दौरान गांधी कॉलेज की बीएससी नर्सिंग सेकंड ईयर की छात्रा सोनाक्षी कॉलेज से घर लौट रही थीं। उन्होंने महिला की हालत देखी तो तुरंत सीपीआर देना शुरू कर दिया, जिससे रोशनी देवी की सांसें और धड़कन लौट आईं। महिला के भाई सतपाल ने बताया कि रोशनी देवी को अस्पताल ले जाया गया। इस दौरान सोनाक्षी साथ रहीं और लगाता सीपीआर देतीं रहीं। रोशनी देवी का करनाल के एक निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। सोनाक्षी असंध के राहड़ा गांव की रहने वाली हैं। उनके पिता चनवाराम रिटायर्ड फौजी हैं और वर्तमान में हरियाणा पुलिस के कार्यरत हैं।

अंतरिक्ष में विक्रम-1... एक हजार वैज्ञानिकों की मेहनत हुई सफल...

पूरी तरह हल्के और मजबूत कार्बन फाइबर मटेरियल वाले विक्रम-1 के इंजन स्वदेशी 3डी प्रिंटिंग तकनीक से बने हैं। इसे औसत 28 की उम्र वाले करीब 1 हजार वैज्ञानिकों ने तैयार किया है।

अंतरिक्ष में पहुंचे ये 6 पेलोड...

- **एंब्रेसः** इन-ऑर्बिट रोबोटिक आर्म।
- **सोलारसः** भविष्य के मिशनों के लिए उपग्रह प्रणालियों का टेस्ट करेगा क्यूबसैट।
- **स्कोपः** नई अंतरिक्ष तकनीकों के इन-ऑर्बिट सत्यापन के लिए टेस्ट सैटेलाइट।
- **पिन पुलर व रिलीज नटः** सैटेलाइट छोड़ने के मैकेनिज्म के प्रभाव जांचेगा।
- **कॉस्मिक ब्लूमः** 32 हीरों से बना कमल।
- **स्वर्ण मिनी रॉकेटः** विक्रम साराभाई, एपीजे अब्दुल कलाम का मिनिएचर। पीएम मोदी का 'वंदे मातरम' लिखा पोस्टकार्ड।
- **आगे क्याः 2030 तक सालाना 50 लॉन्च की तैयारी**

अब स्काईरूट का लक्ष्य 2027 से नियमित वाणिज्यिक सेवाएं शुरू करना और 2030 तक सालाना 50 लॉन्च (यानी हर हफ्ते एक लॉन्च) करना है।

सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि रिहायशी प्लाट न0 1139 सैक्टर-23 शहरी सम्पदा, सोनीपत की मूल फाईल कार्यालय के रिकार्ड में उपलब्ध नही है। जिसके सम्बन्ध में प्राथमिकी दर्ज कराई जा चुकी है। इस प्लाट के स्वामित्व हेतू श्री राकेश कुमार गर्ग पुत्र श्री बलवंत राय गर्ग निवासी म0 न0 467 सैक्टर-12,A पंचकुला सोनीपत ने उक्त प्लाट से सम्बन्धित दस्तावेज कार्यालय में जमा करवायें है ताकि कार्यालय में डूप्लिकेट फाईल का निर्माण किया जा सके। अतः इस नोटिस के माध्यम से आम जनता को सूचित किया जाता है यदि किसी को रिहायशी प्लाट न0 1139 सैक्टर-23, सोनीपत की मलकियत बारे कोई एतराज है तो सम्पदा कार्यालय हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण सोनीपत में सूचना प्रकाशन के 30 दिन के अन्दर-अन्दर समस्त सम्बन्धित दस्तावेज सहित लिखित रूप से सूचित करें अन्यथा यह समझा जाएगा कि इस सम्बन्ध में किसी को कोई एतराज नही है और उक्त रिकार्ड के आधार पर डूप्लिकेट फाईल का निर्माण कर लिया जाएगा।

सम्पदा अधिकारी, ह0श0व0प्रा0, सोनीपत

भास्कर CLASSIFIED

आवश्यकता
APPOINTMENT
सेल्स/मार्केटिंग
ब्रुनो मसाले Bruno Spices
हरियाणा क्षेत्र में बिक्री एवं न्यू डिस्ट्रीब्यूटर/डीलर खोलने के लिए अनुभवी SALESMAN/ASM
सम्पर्क करें: P.K.Goel Mob.9811726816
आकर्षक वेतन+DA+TA

अन्य
जिलास्तरीय कंपनी भर्ती पद- फॉरेस्ट गार्ड, क्लर्क, वनपाल, चपरासी, हेतु 10वी+12वी पास लड़के लड़कियां, उम्र (18-42) सैलरी- 26500/-42500/- आवेदन हेतु -मार्कसीट, आधारकार्ड, पासपोर्ट साइज फोटो, व्हाट्सएप/ कॉल 8858998963

पार्टटाइम
सुनहरा अवसर WORK FROM HOME JOBS भारत की नंबर-1.TELECOM 5G कंपनी पार्टटाइम SENDING-(MESSAGE CALLING) लड़के-लड़किया, गृहिणी, स्टूडेंट कमाए(21,500-71,900) महीना लैपटॉप+मोबाइल मुफ्त NAME ADDRESS, QUALIFICATION Only Whatsapp:- 8799715773,

भास्कर CLASSIFIED
अपनी टूर-एंड-ट्रैवल सर्विस को सही ग्राहकों तक पहुँचाइए
आज ही दैनिक भास्कर में दें
टूर-एंड-ट्रैवल का विज्ञापन

BhaskarAd.com
बनाए क्लासिफाइड एड बुकिंग आसान
9772019222
बुकिंग के लिए स्कैन करें

एजुकेशन
EDUCATION
एडमीशन ओपन
Complete Typing, Printing Solutions Books, Theses, Projects, Assignments Expert formatting, scanning, typing Hindi, English. Specialized in Medical, Engineering, Math. 8930969688

ज्योतिष
ASTROLOGY

ज्योतिष
फीस नहीं इनाम लूंगा पंडित रविशंकर(गोल्डमेडलिस्ट) मनचाहा प्यार/शादी ग्रहक्लेश पति-पत्नी अनबन सौतन दुश्मन छुटकारा प्रेमविवाह घर बैठे सभी समाधान #9286387958

बिजनेस
BUSINESS
लघु/गृह उद्योग
न्यूइंडिया देशी- विदेशी बड़ी कम्पनियों का सामान मशीनों द्वारा बनाने का मनचाहा कारखाना घर लगाये इम्पोर्ट -एक्सपोर्ट सभी सुविधाएँ 8799735018

प्रॉपर्टी
PROPERTY
जमीन
Prime Main Mathura Road Faridabad 3000 square yard High visibility frontage Opposite Sarai Metro Ideal commercial redevelopment. Brokers welcome.Call Jaivir for details.9899925155

Notice : Ads have not been verified factually and Bhaskar does not stand responsible for the sales propositions.

पंजाब नैशनल बैंक .....भरोसे का प्रतीक (A GOVERNMENT OF INDIA UNDERTAKING) **punjab national bank** ...the name you can BANK upon!

एआरएमबीः पश्चिम दिल्ली, दूसरी मंजिल, विक्रांत टावर, राजेंद्र प्लेस, नई दिल्ली – 110008
ईमेल– cs8334@pnb.bank.in

अचल सम्पत्तियों की ई–नीलामी हेतु बिक्री सूचना

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8(6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल सम्पत्तियों के विक्रय हेतु ई–नीलामी विक्रय नोटिस,

आम जनता को और विशेष रूप से कर्जदार और गारंटर्स को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल सम्पत्तियां जो प्रतिभूत लेनदार के पास बंधक/प्रभारित है, का सांकेतिक/वास्तविक कब्जा(नीचे वर्णित अनुसार), प्रतिभूत लेनदार पंजाब नेशनल बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को "जहाँ है, जैसा है और जो कुछ भी है" के आधार पर बेचा जाएगा। बकाया राशि की वसूली, कर्जदार(रों) और गारंटर(रों), आरक्षित मूल्य और धरोहर राशि का विवरण नीचे दी गई तालिका के अनुसार

प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों की बिक्री की अनुसूची

क्र. सं.	शाखा का नाम / खाते का नाम / कर्जदार/गारंटर्स खाते का नाम एवं पता	क) सरफासी अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के अंतर्गत मांग सूचना की तिथि ख) दिनांक के अनुसार बकाया राशि ग) सरफासी अधिनियम 2002 की धारा 13(4) के अंतर्गत कब्जा की तिथि घ) कब्जा की स्थिति सांकेतिक/भौतिक/रचनात्मक	अचल बंधक सम्पत्तियों का विवरण / स्वामित्व का नाम (बंधक सम्पत्तियाँ)	आरक्षित मूल्य / ईएमडी / बोली वृद्धि राशि	नीलामी की तिथि एवं समय	सुरक्षित लेनदारों को ज्ञात एन्कम्ब्रेन्स का विवरण
1	एआरएमबी पश्चिमी दिल्ली **मैसर्स रिवेरा टेक्सटाइल्स प्राइवेट लिमिटेड (इसके निदेशक के माध्यम से)** बी–176, ग्राउंड फ्लोर, ईस्ट ऑफ कैलाश, दिल्ली – 110065 **इसके अलावाः (क)** प्लॉट नं. 111, सेक्टर–29, पार्ट– I, इंडस्ट्रियल एस्टेट, हुडा, पानीपत, हरियाणा – 132103 **(ख)** प्लॉट नं. 112, सेक्टर–29, पार्ट– I, इंडस्ट्रियल एस्टेट, हुडा, पानीपत, हरियाणा – 132103 **(ग)** प्लॉट नं. 96, सेक्टर–29, पार्ट– I, इंडस्ट्रियल एस्टेट, हुडा, पानीपत, हरियाणा – 132103 **श्री विवेक गुप्ता (निदेशक/गारंटर/बंधकदाता, मैसर्स रिवेरा टेक्सटाइल्स प्राइवेट लिमिटेड)** मकान नं. 7, अर्बन एस्टेट, सेक्टर–11, फेज– I, हुडा, पानीपत, हरियाणा – 132103 **इसके अलावाः (क)** बी–176, ग्राउंड फ्लोर, ईस्ट ऑफ कैलाश, दिल्ली – 110065 **(ख)** प्लॉट नं. 111, सेक्टर–29, पार्ट– I, इंडस्ट्रियल एस्टेट, हुडा, पानीपत, हरियाणा – 132103 **(ग)** प्लॉट नं. 96, सेक्टर–29, पार्ट– I, इंडस्ट्रियल एस्टेट, हुडा, पानीपत, हरियाणा – 132103 **श्रीमती प्रेरणा गुप्ता (निदेशक/गारंटर, मैसर्स रिवेरा टेक्सटाइल्स प्राइवेट लिमिटेड)** मकान नं. 7, अर्बन एस्टेट, सेक्टर–11, फेज– I, हुडा, पानीपत, हरियाणा – 132103 **इसके अलावाः (क)** बी–176, ग्राउंड फ्लोर, ईस्ट ऑफ कैलाश, दिल्ली – 110065 **(ख)** प्लॉट नं. 111, सेक्टर–29, पार्ट– I, इंडस्ट्रियल एस्टेट, हुडा, पानीपत, हरियाणा – 132103 **(ग)** प्लॉट नं. 96, सेक्टर–29, पार्ट– I, इंडस्ट्रियल एस्टेट, हुडा, पानीपत, हरियाणा – 132103 **मैसर्स विवेक एंटरप्राइजेज (स्वामीः श्री विवेक गुप्ता) (मैसर्स रिवेरा टेक्सटाइल्स प्राइवेट लिमिटेड के गारंटर)** प्लॉट नं. 111, सेक्टर–29, पार्ट– I, इंडस्ट्रियल एस्टेट, हुडा, पानीपत, हरियाणा – 132103 **इसके अलावाः (क)** प्लॉट नं. 112, सेक्टर–29, पार्ट– I, इंडस्ट्रियल एस्टेट, हुडा, पानीपत, हरियाणा – 132103 **(ख)** प्लॉट नं. 96, सेक्टर–29, पार्ट– I, इंडस्ट्रियल एस्टेट, हुडा, पानीपत, हरियाणा – 132103।	क) 30.09.2022 ख) रु. 10,89,24,166/- ग) 18.12.2025 घ) सांकेतिक	1. संपत्ती का सभी भाग एवं अंश, जिसका प्लॉट संख्या 96, सेक्टर–29, हुडा औद्योगिक क्षेत्र, फेज़– I, पानीपत, हरियाणा–132103 है, जो श्री विवेक गुप्ता के स्वामित्व में है। 2. संपत्ती का सभी भाग एवं अंश, जिसका प्लॉट संख्या 111, सेक्टर–29, हुडा औद्योगिक क्षेत्र, फेज़– I, पानीपत, हरियाणा–132103 है, जो मेसर्स विवेक एंटरप्राइजेज के स्वामित्व में है, जिसके स्वामी श्री विवेक गुप्ता हैं।	रू. 7.66 करोड़ रू. 76,60,000/- रू. 2.00 लाख रू. 8.63 करोड़ रू. 86,30,000/- रू. 2.00 लाख	04.08.2026 पूर्वाह्न 11.00 बजे से अपराह्न 04.00 बजे	ज्ञात नहीं

ई–नीलामी बिक्री के संक्षिप्त नियम एवं शर्तें : बिक्री, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 में वर्णित नियमों एवं शर्तों के अधीन होगी। 1. नीलामी बिक्री "ई–नीलामी" पोर्टल https://baanknet.com के माध्यम से ऑनलाइन होगी। (2) ई–नीलामी के लिए प्लेटफॉर्म (https://baanknet.com) ई–नीलामी सेवा प्रदाता मेसर्स पीएसबी एलायंस प्राइवेट लिमिटेड जिसका पंजीकृत कार्यालय यूनिट 1, तीसरी मंजिल, VIOS कमर्शियल टॉवर, वडाला ट्रक टर्मिनल के पास, वडाला ईस्ट मुंबई–400037 (हेल्पडेस्क नं. 91 8291220220, ईमेल आईडी: support.https://baanknet.com) द्वारा प्रदान किया जाएगा। इच्छुक बोलीदाताओं/खरीदारों को ई–नीलामी सेवा प्रदाता की वेबसाइट https://baanknet.com पर ई–नीलामी प्रक्रिया में भाग लेना आवश्यक है। यह सेवा प्रदाता पोर्टल पर ई–नीलामी पर ऑनलाइन प्रदर्शन/प्रशिक्षण भी प्रदान करेगा। (3) बिक्री की सामान्य शर्तों और नियमों से युक्त बिक्री नोटिस निम्नलिखित वेबसाइटों/वेब पेज पोर्टल (1) https://baanknet.com (2) www.pnbindia.in पर उपलब्ध/प्रकाशित है। (4) सफल बोलीदाता द्वारा बैंक को बिक्री प्रतिफल का भुगतान आयकर अधिनियम 1961 की धारा 194–1ए के अंतर्गत टीडीएस के अधीन होगा तथा सफल बोलीदाता द्वारा बोली राशि का शेष 75% जमा करने/बोली राशि की पूर्ण जमा करने के समय ही टीडीएस का भुगतान किया जाना है। (5) संपत्तियों को "जहां है जैसी है" और "जो है जैसी है" तथा "जो भी है जैसी है" के आधार पर बेचा जा रहा है। (6) उपरोक्त अनुसूची में निर्दिष्ट सुरक्षित परिसंपत्तियों का विवरण प्राधिकृत अधिकारी की सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार बताया गया है, लेकिन प्राधिकृत अधिकारी इस घोषणा में किसी भी त्रुटि, गलत बयान या चूक के लिए उत्तरदायी नहीं होगा। (7) सरफेसी अधिनियम की धारा 13(8) के तहत नोटिस, और सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के साथ सभी मामलों में जारी किया गया है, (8) बिक्री की विस्तृत शर्तों के लिए, कृपया https://baanknet.com , www.pnb.bank.in देखें।

सरफासी अधिनियम 2002 के नियम 8(6) के अंतर्गत बिक्री सूचना

प्रकाशन की तिथि : 19.07.2026 स्थानः दिल्ली प्राधिकृत अधिकारी, पंजाब नैशनल बैंक